दिन– सोमवार दिनांक– 08/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय मे बढ़ोतरी की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय सात हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय चार हजार रुपये से बढ़ा कर साढ़े चार हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस फैसले से समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी।

———————————————————————————

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई हो रही है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बाईस अगस्त से सुनवाई चल रही है।

———————————————————————————

भाजपा संसदीय दल ने नई दिल्ली में आयोजित पार्टी सांसदों की प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। इसमें उत्पादकों और व्यापारियों से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कीमत कम होने से मांग बढ़ेगी और करोबार तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि मासिक जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रूपये तक पहुंचना अधिक अनुपालन और अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत है।

———————————————————————————

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में अब ई–टिकटिंग की सुविधा शुरू हो गयी है।। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में निगम की सभी एक हजार पैंसठ बसों में ई–टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने महिलाओं को समर्पित अस्सी पिंक बसों का लोकार्पण भी किया।

————————————————————————————

उप राष्ट्रपति पद के लिये कल मतदान होगा। चुनाव को लेकर सभी दलों की ओर से बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में आज जदयू सांसदों की नई दिल्ली में बैठक होगी। नालंदा से सांसद कौशलेन्द्र कुमार के आवास पर आयोजित होने वाली इस बैठक में एनडीए के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन भी शामिल होंगे।

————————————————————————————

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीआई की प्रदेश इकाई का पच्चीसवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो रहा है। बारह सितम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन में राज्यभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव पल्लव सेन गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

————————————————————————————

आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले में एनआईए की टीम बिहार सहित पांच राज्यों में छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार में आठ जगहों पर छापेमारी चल रही है। हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया कि जिले के सेमापुर थाना क्षेत्र के सुखासन गांव में एनआईए ने चार लोगों के घर पर छापेमारी की है। इस मामले में इकबाल नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

————————————————————————————

वरिष्ठ पत्रकार संकर्षण ठाकुर का आज नई दिल्ली में निधन हो गया। वे तिरेसठ वर्ष के थे। मूल रूप से पटना के रहने वाले संकर्षण ठाकुर ने कई समाचार पत्रों का संपादन किया था। उनकी कई पुस्तकें भी काफी चर्चित रही हैं। उनके निधन पर पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख जताया है।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम प्राय शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर में सबसे अधिक छियासठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

समाप्त